पंजाब केसरी 05/04/2024

जी.एम.एन. कालेज में सेना भर्ती/ अग्निवीर योजना पर हुआ व्याख्यान

अम्बाला, 4 अप्रैल (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज, अंबाला छावनी द्वारा डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन तथा डा. कैप्टन एस.एस. नैन की अध्यक्षता में एन.सी.सी. बॉयज एंड गर्ल्स विंग्स के तत्वाधान में सेना भर्ती/अग्निवीर योजना पर एक विस्तारित व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया।

इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में सब एन.एन. झा, सब आई बासु मैत्री, सी.एफ.एन. अनीश, यूनिट 901 ए.डी. डबल्यू, के एस.एच. रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को डिफैंस के क्षेत्र में प्रवेश प्रक्रिया और उसमें सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने मुख्य वक्ताओं का कालेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया।

प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं में देशभक्ति और सेवा भावना को बढ़ाते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को डिफैंस सेवाओं में प्रवेश हेतु विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए सरल तकनीक बताई गई।

कार्यक्रम संयोजक, डा. एस.एस. नैन ने कहा कि यह मोटिवेशनल लैक्चर विद्यार्थियों को डिफैंस सेवाओं में प्रवेश करने के लिए प्रेरणा देने हेतु आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि डिफैंस सेवाओं में शामिल होना बेहद गर्व की बात है जिसमें नौजवानों की उम्मीदें, सपना और समर्पण शामिल होता है।

एन.सी.सी., गर्ल्स विंग्स की प्रभारी डा. तृप्ति शर्मा ने कहा कि इस अद्भुत व्याख्यान के माध्यम से एन.सी.सी. विभाग ने युवाओं को एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया है। साथ ही उन्हें सेना में अपनी सेवाओं का महत्व समझने का अवसर दिया गया। कार्यक्रम में एन.सी.सी. कैडेट एवं अन्य विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

मुख्य वक्ता विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए। (देवदत्त)